# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

NAAC A++

पत्रांक :– पी०ए०/4105
दिनांक :– 10.09.2025
11-09-2025

## आवश्यक सूचना

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (CCSU), मेरठ ने उच्च शिक्षा को और अधिक सुलभ और लचीला बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। विश्वविद्यालय ने यूजीसी (UGC) से मान्यता प्राप्त ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ODL) प्रोग्राम्स को सत्र 2025–26 से शुरुआत की है, जिससे अब छात्र अपनी सुविधा के अनुसार कहीं से भी गुणवत्तापूण पढ़ाई कर सकेंगे।

यह पहल उन छात्रों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है जो ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं, नौकरी कर रहे हैं, या नियमित कॉलेज में उपिस्थत नहीं हो सकते। अब पढ़ाई की गुणवत्ता के साथ लचीलापन भी मिलेगा।

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा शुरू किए गए ODL प्रोग्राम्स की सूची निम्नवत है :–

- बैचलर ऑफ़ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन (BBA)
- मास्टर ऑफ़ आर्ट्स – एजुकेशन
- मास्टर ऑफ़ आर्ट्स – इकोनॉमिक्स
- मास्टर ऑफ़ आर्ट्स – समाजशास्त्र
- मास्टर ऑफ़ आर्ट्स – पॉलिटिकल साइंस
- मास्टर ऑफ़ आर्ट्स – इग्लिश
- MBA (मार्केटिंग/HR/फाइनेंस)
- मास्टर ऑफ़ कॉमर्स (M. Com.)
- मास्टर ऑफ़ कंप्यूटर एप्लीकेशंस (MCA)

उपर्युक्त प्रोग्राम्स में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) से मान्यता प्राप्त है और इन्हें एक सशक्त ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर संचालित किया जा रहा है, जहाँ छात्रों को गुणवत्तापूर्ण पाठ्यसामग्री, शैक्षणिक मार्गदर्शन और लचीलापन प्रदान किया जाएगा।

इन कोर्सेस के माध्यम से बिना किसी भौगोलिक या समय की बाधा के हर तबके के छात्रों तक उच्च शिक्षा पहुँचाना चाहते हैं। इस पहल के साथ चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ ने समावेशी, सस्ती और आधुनिक शिक्षा की ओर महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।

11-09-2025
कुलसचिव